26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 4 सितम्बर, 2026

अंक- 311 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पाकिस्तान को धूल चटाने उतरेगा भारत

### महिला एशिया कप में होगी दोनों टीमों की भिड़ंत

दुबई (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय महिला टीम का एशिया कप में सामना अब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमों के बीच ग्रुप चरण का यह मुकाबला शनिवार को दुबई में खेला जाएगा। भारतीय महिला अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है और वह बस अब औपचारिकता के लिए मैदान पर उतरेगी। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय महिला टीम का रिकॉर्ड एकतरफा है। लेकिन जब भी दोनों टीमें एक दूसरे का सामना करती हैं तो वो मैच बेहद रोमांचक होता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारतीय टीम इस मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारत ने पहले दो मैचों में भले ही शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन उसमें कुछ जगह सुधार की भी जरूरत है। एशियाई स्तर पर हालांकि भारत के आसपास भी कोई टीम नजर नहीं आती। पिछली बार भारत किसी तरह श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में उपविजेता रहा था।

# मजदूरी करने निकले दो गरीब मजदूरों की सड़क हादसे में मौत

## घर से रोजी-रोटी कमाने निकले थे शमून और कादिर

### परिवारों में मचा कोहराम

नजीबाबाद (चिंगारी)। घर से रोजी-रोटी कमाने के लिए मंडी में मजदूरी करने जा रहे दो गरीब मजदूरों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम गाजीपुर के सामने जमालती कट के पास एक कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

पुलिस के अनुसार, मो. शमून (40 वर्ष) पुत्र अनीस निवासी ग्राम गाजीपुर थाना नजीबाबाद और कादिर (45 वर्ष) पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम फाजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली कलां थाना किरतपुर मोटरसाइकिल से मंडी में मजदूरी करने के लिए आ रहे थे। दोनों की बाइक जैसे ही ग्राम गाजीपुर के सामने जमालती कट के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही वेन्यू कार संख्या 25 बीएच 6047 पी, से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल पूजा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### रोज कमाते थे, रोज खाते थे, परिवारों का छिन गया सहारा

शमून और कादिर दोनों मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण करते थे। रोज की तरह दोनों घर से काम के लिए निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह उनका आखिरी सफर साबित होगा। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जिन हाथों से दोनों परिवारों के लिए रोटी का इंतजाम होता था, वही हाथ हमेशा के लिए उनसे छिन गये।

### कार चालक हिरासत में

पुलिस ने हादसे के बाद कार चालक सचिन (32 वर्ष) पुत्र कैलाश चंद्र निवासी कुंभी चौड़, कोटद्वार, उत्तराखंड को हिरासत में ले लिया है। दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

MODERN ERA PUBLIC SCHOOL
MEPS
THINK DECIDE AND ACT
NEHTAUR

आप सभी को
मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर
की ओर से
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं



SCHOOL CODE 81912
AFF. NO. 2132822
ADD: Jhalu Road Nehtaur
PH. NO. +918859232340
WEBSITE: www.mepsnehtaur.com

खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

जॉब ओपनिंग | चांदपुर-बिजनौर

स्किल इंडिया के लिए योग्य, स्मार्ट एवं अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

1. ट्रेनर (Emergency Care Assistant)

| शैक्षणिक योग्यता | प्रासंगिक उद्योग/अस्पताल अनुभव (न्यूनतम) | प्रशिक्षण अनुभव (न्यूनतम) |
|---|---|---|
| M.Sc. – Nursing | 1 वर्ष | 1 वर्ष |
| B.Sc. Nursing / Post Basic B.Sc. Nursing | 1 वर्ष | 1 वर्ष |
| GNM (General Nursing & Midwifery) | 2 वर्ष | 1 वर्ष |

जिन उम्मीदवारों के पास TOT Certification है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

सैलरी: ₹20,000 तक (योग्य उम्मीदवार के अनुसार)

ट्रेनर की मुख्य जिम्मेदारियाँ
- ट्रेनिंग मॉडयूल के अनुसार प्रभावी प्रशिक्षण देना
- ट्रेनिंग सत्रों की योजना बनाना एवं क्रियान्वयन करना
- प्रतिभागियों का मूल्यांकन एवं फीडबैक देना
- कोर्स की गुणवत्ता एवं मानकों का पालन सुनिश्चित करना
- रिपोर्टिंग एवं दस्तावेजीकरण कार्य करना

हम प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की तलाश में हैं

2. प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर (Placement Coordinator)
- विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के साथ मजबूत संबंध बनाना और नए प्लेसमेंट अवसर विकसित करना
- नियोजताओं से संवाद, मीटिंग एवं समझौते कर छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अवसर सुनिश्चित करना
- प्लेसमेंट ड्राइव्स, जॉब मेलों एवं इंटरव्यू प्रक्रियाओं का समन्वय करना
- छात्रों के प्लेसमेंट, फॉलो-अप एवं रिटेंशन पर निरंतर कार्य करना
- कंपनी आवश्यकता की समझ और उपयुक्त प्रतिभा उपलब्ध कराने में सहयोग
- MS Office एवं रिपोर्टिंग की जानकारी आवश्यक

सैलरी: ₹30,000 तक (योग्य उम्मीदवार के अनुसार)

इंच्छुक उम्मीदवार अपना Resume इस नंबर पर भेजें 9313438614

स्थान: चांदपुर, बिजनौर, उत्तर प्रदेश

बेहतर अवसर, बेहतर भविष्य – जुड़ें हमारे साथ!

# ध्वनि प्रदूषण पर पुलिस का शिकंजा

## 622 लाउडस्पीकर उतरवाए

### 391 मस्जिदों, 214 मंदिरों और 17 गुरुद्वारों से हटाए गए लाउडस्पीकर

### निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन कराने के लिए जांच जारी



**बिजनौर (चिंगारी)**। ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए जिले में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस के अनुसार अब तक विभिन्न धार्मिक स्थलों से 622 लाउडस्पीकर उतरवाए जा चुके हैं। इनमें 391 मस्जिदों, 214 मंदिरों और 17 गुरुद्वारों से लाउडस्पीकर हटवाए गए हैं। पुलिस टीमें धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की लगातार जांच कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक शासन और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन कराया जा रहा है। मानकों के तहत दिन में ध्वनि की सीमा 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल निर्धारित है। पुलिस का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर ऊंचाई पर लगाए गए लाउडस्पीकरों की आवाज को निर्धारित सीमा और परिसर तक सीमित रखना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों में जांच

**अभियान के दौरान पुलिस की टीमें धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर लाउडस्पीकरों की स्थिति और ध्वनि स्तर की जांच कर रही हैं। पुलिस के अनुसार अब तक 214 मंदिरों, 391 मस्जिदों और 17 गुरुद्वारों से कुल 622 लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं। पुलिस ने लोगों से ध्वनि प्रदूषण कम करने के अभियान में सहयोग करने की अपील की है।**




### एसपी ने की थी सहयोग की अपील

पिछले दिनों एसपी केके बिश्नोई ने मस्जिदों के मुतवल्लियों और मौलानाओं से ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की थी। उन्होंने न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित ध्वनि सीमा में ही लाउडस्पीकर संचालित करने को कहा था। साथ ही धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की आवाज परिसर तक सीमित रखने की अपील की थी।

### निष्पक्ष होगी कार्रवाई- एसपी



एसपी केके बिश्नोई ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य किसी विशेष धर्म या धार्मिक स्थल को निशाना बनाना नहीं है। अभियान का मकसद ध्वनि प्रदूषण से जुड़े निर्धारित नियमों का पालन कराना और सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि की सीमा बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमें आगे भी धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की जांच करती रहेंगी और नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।




अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

डीएम-एसपी ने किया रामडोल जुलूस मार्ग का निरीक्षण (पेज 11)



# डीएम ने पटाखा गोदाम का किया निरीक्षण

## लाइसेंस व सुरक्षा व्यवस्थाएं जांचीं



नगीना में पटाखा गोदाम का निरीक्षण करतीं डीएम।

**नगीना (चिंगारी)।** डीएम जसजीत कौर और एसपी केके बिश्नोई ने बृहस्पतिवार की शाम नगीना-हरेवाली मार्ग स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अचानक निरीक्षण से गोदाम संचालक में हलचल मच गई।

डीएम और एसपी ने गोदाम में पहुंचकर वहां रखे पटाखों का जायजा लिया। उन्होंने पटाखों के भंडारण की व्यवस्था के साथ ही गोदाम संचालक के लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों को पटाखों के भंडारण में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 'तटबंध नहीं तो वोट नहीं'

## जलीलपुर में तटबंध की मांग को लेकर 16वें दिन भी ग्रामीणों का धरना जारी



**जलीलपुर (चिंगारी)।** खादर क्षेत्र में गंगा नदी पर तटबंध बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले 16 दिनों से धरने पर बैठे हैं। गांव नारनौर और पुलिस चौकी पांडव नगर के बीच चल रहे इस धरने में क्षेत्र के सैकड़ों किसान और ग्रामीण शामिल हैं। धरना स्थल पर शतटबंध नहीं तो वोट नहीं, का बैनर भी लगाया गया है। किसानों ने 3 सितंबर को महापंचायत का ऐलान किया था, लेकिन चौथी बार 2 सितंबर को ही गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा जिससे किसानों की होने वाली महापंचायत को स्थगित करना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने पर जलीलपुर के खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। क्षेत्र के करीब दो दर्जन से ज्यादा गांव इससे प्रभावित होते हैं। कई बार ग्रामीणों का आवागमन तक बंद हो जाता है और हजारों बीघा फसल पानी में डूबकर खराब हो जाती है। किसानों का कहना है कि हर साल होने वाले इस नुकसान से बचने के लिए यहां तटबंध बनना बहुत जरूरी है।

धरने पर बैठे किसानों ने समाजसेविका आभा सिंह को तटबंध बनवाने की मांग को लेकर पत्र दिया। आभा सिंह ने किसानों की बात गंभीरता से सुनी और कहा कि वह इस मामले को लेकर क्ड जसजीत कौर जी से मिलेंगी और इस समस्या को उनके सामने रखेंगी। वहीं नायब तहसीलदार पंकज राणा ने भी किसानों का पत्र लिया और कहा कि प्रशासन की से इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

धरने में विजय पाल सिंह, किशोरी सिंह, बरम सिंह, संदीप कुमार कौशिक, गुरविंदर सिंह, जसवंत सिंह, हरगुलाल, ईश्वर दयाल, गजब सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों ने राधा-कृष्ण बन जीत लिया सभी का मन



**चंदक (चिंगारी)।** आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल चंदक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के स्वरूप में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने भजन, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आकर्षक सजावट की गई, जिसने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह, प्रबंधक तपराज सिंह देशवाल, प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी, डॉ. ईला चौधरी सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें श्रीकृष्ण के आदर्शों- सत्य, प्रेम, करुणा एवं कर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक पर्व विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है।

Hero
★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## छिनता बचपन, बिगड़ता भविष्य

देश की कुल आबादी का 21.87 फीसद बाल वर्ग आने वाले दिनों में किस भारत का निर्माण करेगा, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस वर्ग का एक बड़ा हिस्सा अपना बचपन खो रहा है और एक ऐसा जीवन ढो रहा है, जिसका कोई भविष्य नजर नहीं आता। यह विडम्बना है कि न तो तथाकथित सभ्य समाज ने कभी इन बच्चों की परवाह की है और न कोई सरकार इन पर ध्यान देती है। अलबत्ता, कुछ सामाजिक संस्थाएं और एनजीओ जरूर कहीं-कहीं पर ऐसे बच्चों को शिक्षा देने और उन्हें सही दिशा में चलने को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। हम जिन बच्चों की बात कर रहे हैं, वैसे बच्चे आपको अपने आसपास भी मिल जायेंगे, लेकिन कितने लोग हैं जो इन्हें देखकर ठिठक जाते हैं तथा इनके बारे में, इनके भविष्य के बारे में सोचते हैं।

इन मासूमों का इस्तेमाल कई तरीकों से होता है। कुछ लड़कियां भीड़ में पर्चा बांटती दिखेंगी कि वह गूंगी है, उसकी मदद करनी चाहिए। छोटे बच्चों को बीच सड़क पर लिटा कर बीमार होने या मर जाने का नाटक कर पैसे ऐंठने का खेल अब छोटे-छोटे कस्बों तक फैल गया है। मथुरा, काशी, हरिद्वार आदि धार्मिक स्थानों पर धर्म के फेर में भिक्षावृत्ति जोरों पर है। इसके अलावा जादू या सांप का खेल दिखाने वाले मदारी के जमूरे, रेल के डिब्बों में झाड़ू लगा व क्रासिंग पर कार-स्कूटर की धूल झाड़ने जैसे कार्यों के जरिए या सीधे भीख मांगते बच्चे सरेआम मिल जाएंगे। अनुमान है कि देश में कोई पचास लाख बच्चे हाथ फैलाए एक अकर्मण्य व श्रमहीन भारत की नींव रख रहे हैं। सत्तर के दशक में देश के विभिन्न हिस्सों में कुछ ऐसे गिरोहों का पर्दाफाश हुआ था, जो अच्छे-भले बच्चों का अपहरण कर उन्हें लोमहर्षक तरीके से विकलांग बना भीख मंगवाते थे। यह दानव बच्चों की खरीद-फरोख्त भी करते थे लेकिन नब्बे का दशक आते-आते इस समस्या का रंग-ढंग बदल गया है। ऐसे गिरोहों के अलावा महानगरों में 'झुग्गी संस्कृति' से अनाचार-कदाचार के जो रक्तबीज प्रसवित हुए, उनमें अब अपने सगे ही बच्चों को भिक्षावृत्ति में धकेल रहे हैं। कुल मिलाकर सच्चाई यह है कि हम जिन्हें देश का भविष्य बताते नहीं थकते, उनके भविष्य के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

# हे कृष्ण! तुम फिर आ जाओ..

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष**

-पवन वर्मा

कभी-कभी लगता है कि समय कितना भी बदल जाए, मनुष्य की कुछ बेचैनियां सदैव वैसी ही रहती हैं। द्वापर में भी समाज अन्याय, अत्याचार, अहंकार और अधर्म से जूझ रहा था और आज भी तस्वीर बहुत अलग नहीं है। फर्क इतना है कि तब अत्याचार का चेहरा दिखाई देता था, आज वह कई बार व्यवस्था, स्वार्थ, छल, लालच और संवेदनहीनता के पीछे छिप जाता है। इसलिए जब जन्माष्टमी आती है तो मन अनायास ही पुकार उठता है- हे कृष्ण! तुम फिर आ जाओ... भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उस समय हुआ, जब मथुरा का राज सिंहासन कंस के अत्याचार का प्रतीक बन चुका था। प्रजा भय में थी, सत्ता निरंकुश थी और सच बोलना आसान नहीं था। कृष्ण का जन्म किसी राजमहल की सुविधा में नहीं, कारागार में हुआ। आधी रात को जन्मे उस बालक ने आगे चलकर यह संदेश दिया कि अंधेरा कितना भी गहरा हो, उसके बाद प्रकाश का जन्म निश्चित है। आज जब हम अपने आसपास देखते हैं तो अनेक सवाल सामने खड़े होते हैं। क्या हम सचमुच उस समाज की ओर बढ़ रहे हैं जिसकी कल्पना हमने आजादी के समय की थी? क्या विकास के साथ संवेदनशीलता भी बढ़ी है? क्या तकनीक ने मनुष्य को बेहतर बनाया है? क्या राजनीति में विचार और समाज में संवाद मजबूत हुआ है? इन सवालों के बीच कृष्ण का स्मरण महज धार्मिक परंपरा नहीं रह जाता, वह आत्ममंथन का अवसर बन जाता है। कृष्ण ने जीवन को किसी एक रंग में नहीं देखा। वे गोकुल के नटखट कान्हा भी हैं, वृंदावन के मुरलीधर भी, मथुरा के कंस-विनाशक भी और कुरुक्षेत्र के सारथी भी। उनके व्यक्तित्व में प्रेम है तो नीति भी है, करुणा है तो साहस भी, संगीत है तो संघर्ष भी। शायद यही वजह है कि हजारों वर्ष बाद भी कृष्ण आज के मनुष्य के सबसे करीब दिखाई देते हैं।

आज समाज में सबसे बड़ा संकट शायद भरोसे का है। परिवारों में संवाद कम हो रहा है, रिश्तों में अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और सामाजिक जीवन में धैर्य घट रहा है। सोशल मीडिया ने संवाद के रास्ते खोले हैं, लेकिन उसी के साथ मनुष्य को प्रतिक्रियाओं की दुनिया में भी धकेला है। कुछ शब्द, एक तस्वीर या एक अधूरी सूचना समाज में तनाव पैदा कर सकती है। कृष्ण होते तो शायद सबसे पहले यही कहते कि हर सूचना पर प्रतिक्रिया देने से पहले विवेक का उपयोग करो। कृष्ण का सबसे बड़ा संदेश यही था कि जीवन परिस्थितियों से नहीं, दृष्टिकोण से संचालित होता है। महाभारत में उन्होंने अर्जुन को युद्ध के बीच खड़े होकर कर्म का संदेश दिया। उन्होंने अर्जुन को पलायन का रास्ता नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि जब सामने अन्याय हो तो अपनी जिम्मेदारी से



मुंह नहीं मोड़ा जा सकता।

आज के दौर में यह संदेश और महत्वपूर्ण हो जाता है। भ्रष्टाचार हो, महिलाओं के प्रति अपराध हो, कमजोरों का शोषण हो, झूठ और अफ़वाहों का प्रसार हो या सार्वजनिक जीवन में बढ़ती कटुता, इन सबके सामने समाज की चुप्पी भी एक तरह की जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति अर्जुन की तरह अपने-अपने कुरुक्षेत्र में खड़ा है। सवाल यह है कि वह सही समय पर सही पक्ष चुनता है या सुविधा के लिए मौन रह जाता है। कृष्ण ने धर्म को किसी संकीर्ण दायरे में नहीं बांधा। उनके लिए धर्म का अर्थ था- कर्तव्य, न्याय और सत्य के पक्ष में खड़ा होना। यही कारण है कि गीता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आधुनिक दुनिया में हमारे पास विज्ञान है, तकनीक है, संचार के साधन हैं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता है, आर्थिक अवसर हैं, लेकिन इन सबके बीच यदि विवेक और नैतिकता कमजोर पड़ जाए तो प्रगति अधूरी रह जाती है।

आज राजनीति भी कृष्ण के संदेश से बहुत कुछ सीख सकती है। राजनीति लोकतंत्र की सेवा का माध्यम है, सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं। विरोधी विचार रखने वाला व्यक्ति शत्रु नहीं होता। कृष्ण ने संवाद को महत्व दिया। उन्होंने युद्ध से पहले शांति का प्रयास किया। इसका अर्थ साफ है कि संघर्ष अंतिम विकल्प होना चाहिए, पहला नहीं। आज सार्वजनिक जीवन में संवाद की जगह आरोप और प्रत्यारोप बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे समय में कृष्ण का शांति-दूत वाला स्वर याद करना जरूरी है।

कृष्ण हमें यह भी सिखाते हैं कि सफलता का अर्थ दूसरों को पीछे छोड़ देना नहीं है। गोकुल का कान्हा अपने मित्रों के बीच सहज है। सुदामा के साथ उनका संबंध बताता है कि मित्रता में पद, धन और प्रतिष्ठा की कोई जगह नहीं होती। आज जब रिश्तों का मूल्य कई बार आर्थिक और सामाजिक हैसियत से तय होने लगा है, तब कृष्ण-सुदामा की कथा हमें याद दिलाती है कि मनुष्य की असली पहचान उसकी संवेदना है और शायद आज सबसे ज्यादा जरूरत उसी संवेदना की है। हमारे शहर बढ़ रहे हैं, इमारतें ऊंची हो रही हैं, सड़कों का विस्तार हो रहा है, अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है, लेकिन क्या हमारे भीतर का मनुष्य भी उतना ही बड़ा हो रहा है? किसी गरीब की परेशानी देखकर हम कितनी देर रुकते हैं? किसी बुजुर्ग की अकेलेपन की आवाज कितनी दूर तक पहुंचती है? किसी बच्चे के सपने में हम कितना अपना योगदान देते हैं? किसी पीड़ित के लिए हमारी आवाज कितनी मजबूत होती है? जन्माष्टमी इन सवालों से बचने का नहीं, उनका सामना करने का पर्व है। इस बार जब मंदिरों में घंटियां बजेंगी, घरों में झूले सजेंगे और आधी रात को कान्हा के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा, तब शायद हमें एक क्षण ठहरकर सोचना चाहिए कि हम किस कृष्ण को याद कर रहे हैं। माखन चुराने वाले बाल कृष्ण को, बांसुरी बजाने वाले कृष्ण को या अर्जुन के सारथी कृष्ण को? आज हमें तीनों की जरूरत है। हमें जीवन में बाल कृष्ण की सहजता चाहिए, तो मुरलीधर का प्रेम भी चाहिए और साथ में पार्थ सारथी का विवेक भी। हमें अन्याय के सामने खड़े होने का साहस चाहिए और अपने निर्णयों में धर्म का बोध भी। कृष्ण के आने का अर्थ शायद किसी चमत्कार का इंतजार करना नहीं है। कृष्ण तब आते हैं, जब कोई अन्याय के सामने सच बोलता है। कृष्ण तब आते हैं, जब कोई कमजोर का हाथ थामता है। कृष्ण तब आते हैं, जब कोई सत्ता से ऊपर सत्य को मानता है। कृष्ण तब आते हैं, जब कोई अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के बारे में सोचता है। इसलिए आज जरूरत आसमान की ओर देखकर यह पूछने की नहीं कि कृष्ण कब आएंगे। जरूरत अपने भीतर झांकने की है कि हम उनके आने लायक समाज बना भी रहे हैं या नहीं।

# क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने राजीव, और मजबूत होगी पार्टी की नींव

## बाल्यकाल से ही संघ से जुड़े भाजपा में भी कई पदों पर रहे

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा धामपुर निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नहटौर खंड कार्यवाह एवं विस्तारक रहे राजीव सिसोदिया को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनीत होने से पार्टी कार्यकर्ताओं समर्थकों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लग गया।

नगीना मार्ग स्थित ग्राम पखनपुर गंगवाली निवासी राजीव कुमार सिसोदिया गांव में एक विद्यालय संचालित करते हैं वह बाल्य काल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। इस दौरान उनको नहटौर खंड कायवाह और विस्तारक बना कर भेजा गया था, जहां उन्होंने संगठन का विस्तार करने का कार्य किया इसके पश्चात वह भारतीय जनता युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहे उनकी ऊर्जा और क्षमता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी में उनको जनपद बिजनौर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। उसके



बाद उनको रामपुर जिले का प्रभारी मनोनीत किया गया।

वर्तमान में वह अमरोहा जिले के भाजपा जिला प्रभारी के रूप में कार्य भार देख रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व सह राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रकाश जी के बेहद करीबी माने जाने वाले राजीव सिसोदिया को पार्टी ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के दौरान भी बंगाल में भेजा था। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अब उनको क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर दिया है।

# वालिया ग्लोबल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति मय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक समिति के सदस्य कमलकांत वालिया, श्रीमती इन्दू वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया, अश्विन वालिया, जाह्नवी वालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रा पावनी व अक्षी ने अपने विचारों के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन पर वक्तव्य दिया। कक्षा एक से आठ की छात्राओं एवं छात्रों ने गीत व नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने कृष्ण-सुदामा की सच्ची एवं आदर्श मित्रता के प्रसंग का सुंदर मंचन किया। जिसके माध्यम से उन्होंने सच्ची-मित्रता, प्रेम विश्वास, त्याग व निस्वार्थ भाव का संदेश दिया। उत्सव का प्रमुख आकर्षण मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा। जिसमें इस अवसर पर श्रीमती रुचिका वालिया ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा कर सभी को अपने कर्म व पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने सभी को श्रीकृष्णजन्माष्टमी की बधाई देते हुए श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्र गतिक, परीक्षित, आहना व वरुणिका ने किया।







## पुलिस ने धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर गाइड लाइन के विषय में बताया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार एसपी के.के. बिश्नोई के निर्देशन में पूरे जनपद बिजनौर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ भ्रमण कर विभिन्न धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा पहुंचकर शासन की गाइडलाइन के विषय में बताया। जामा मस्जिद में लगे लाउडस्पीकर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कमेटी संचालक सदस्यों को बताया कि ध्वनि प्रदूषण का संचालन मानकों के अनुसार ही किया जाए। मस्जिद में एक से ज्यादा लाउडस्पीकर लगे होने पर उसको हटाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान पूरे क्षेत्र में चलाया जा रहा है। मस्जिद व मंदिर के कमेटी के पदाधिकारियों से शासन की गाइडलाइन व सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराया जा रहा है।









मनमोहक

त्रिशा भटनागर पुत्र जतिन भटनागर (बिजनौर)

बिजनौर के मंदिर में राधा-कृष्ण के वेश में सजे दो मासूम बच्चे। पीले वस्त्रों में बालकृष्ण सारांश और लहंगा चुनरी में सजी राधा रानी लविका शर्मा।

# धामपुर के विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## शिखर शिशु सदन में प्रस्तुत की गई लघुनाटिका



**धामपुर (चिंगारी)।** क्षत्रिय नगर स्थित शिखर शिशु सदन मदर ब्रांच में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा प्रथम तक के छात्र-छात्राओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी भगवान श्रीकृष्ण, राधा एवं जन्माष्टमी से जुड़े विभिन्न पात्रों के आकर्षक रूप में सजकर आए। प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से अंश एवं कौशिक, एलकेजी से विवान एवं दिशा, यूकेजी से विवेक एवं विस्मा तथा कक्षा प्रथम से सात्विक एवं अंशवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक लघु नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं। कक्षा द्वितीय से कक्षा दशवीं तक के छात्र-छात्राओं ने जन्माष्टमी से संबंधित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने मटकी सजावट, बांसुरी सजावट, मोर पंख से विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण, लड्डू गोपाल के पंखे की सजावट, मंदिर सजावट, वॉल हैंगिंग एवं अन्य सजावटी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी, उप प्रधानाचार्य देवेश गहलोत एवं पलक मित्तल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्री-प्राइमरी विभाग के अध्यापकों में कोऑर्डिनेटर रीता वर्मा, मनीषा त्यागी, आरती त्यागी, हिमानी, ऋतु, अपूर्वा, वंदना, लवली, अग्रवाल पुष्पा रानी, नीतू, नंदनी भारद्वाज, काजल शर्मा, चारू एवं मोनिका चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी शिक्षकों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

## बालिका विद्या मंदिर में छात्राएं बनीं राधा-कृष्ण



**धामपुर (चिंगारी)।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। छात्राओं तुषारिका, शगुन, शताक्षी, याशिका, अनुश्री रिया, आरुषी, नैना परिधि वार्णका प्रियांशी, पावनी गोस्वामी आदि ने राधा-कृष्ण बनकर नृत्य व गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। आचार्या बहनों रेनू, अनीता, अलका, सरिता, पूर्णिमा, पारुल, विनीता, प्रियंका, मेघना, दीपिका, मधु, काजल ने श्री कृष्ण के भजन गाये।

# एजुकोल द गर्ल्स में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता




**धामपुर (चिंगारी)।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा राधा-कृष्ण, बलराम, यशोदा, गोपी-ग्वालों के रूप में अपनी भूमिका को निभाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने लड्डू गोपाल को झूला झुलाकर किया गया। स्कूल प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि - हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहो। रश्मि शर्मा के निर्देशन में संचालन कक्षा चार की छात्रा पूर्णी और आलिया ने किया। निर्णायक मंडल में रश्मि शर्मा और लीना चौहान ने श्रेयांशी, ईशान्वी को फैंसी ड्रेस में, परिधि, आव्या, यशिका को डांस में, रिद्धि, अनिका को फैंसी ड्रेस में कनिका, लक्षिता को डांस में द्वितीय खुशी, रिषिका को फैंसी ड्रेस में रिद्धि, शान्वी को डांस में तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नुसरत जहां, शीरीन बारी, तनु गुप्ता, रूही चौहान, वंदना, बबीता उपाध्याय, शैली राजपूत, अरुण कुमार, छात्राओं डिंपल राणा, हुमैरा, जिज्ञासा, आयुषी और अदीबा का योगदान सराहनीय रहा।

# हंगामा लोक समिति ने मनाया जन्माष्टमी पर्व



**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति की संस्थापिका राखी कौशिक एवं उपासना कौशिक तथा संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक एवं निर्मला कौशिक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर पार्थिव सती एवं मिष्टि ने कान्हा जी का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सूची, शशिबाला शर्मा, आशा, सुनीता गोस्वामी, यमुना, रानी, सृष्टि, खुशी, कविता, अनिता आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में राधा-कृष्ण के रूप में बच्चों ने मन मोहा



**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में यूथ फेस्टिवल मंथ के अंतर्गत कक्षा प्रथम व पंचम के भैया बहनों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में इंट्रोडक्शन भी दिया। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता पत्रकार एवं प्रेम सिंह नूतन, स्वाति, सोमलता शर्मा, मोनिका, राजेश, मंजू, राजकुमार,गौतम सिंह आदि मौजूद रहे। भैया बहनों द्वारा तिरंगा डांस, गीत, डांस का प्रस्तुतीकरण किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व बेला पर राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निर्णायकों में श्रीमती नीतू, रुचिका एवं काजल रहीं, जिनका विद्यालय की आचार्या बहन रेनू शर्मा, प्रतिभा सैनी एवं पूनम द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण के रूप में विवेक, अरुण व कृष्ण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कान्हा राजपूत, लक्ष्य प्रताप सिंह, दक्ष ने द्वितीय स्थान तथा रुद्र प्रताप शर्मा व श्रेयांश गोस्वामी तथा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राधा वेश प्रतियोगिता में तपस्या प्रजापति, वंदना, श्रुति व वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर हंसिका व काव्या रही तथा तृतीय स्थान पर प्रज्ञा देवेशी व वानी रही। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने अभिभावकों का विद्यालय आगमन पर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र कुमार द्वारा किया गया।



# राधा इन्टर कॉलेज में प्रस्तुत की गई झांकियां

**धामपुर (चिंगारी)।** राधा इंटर कॉलेज, अल्हैपुर/धामपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक रवि कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार एवं मुकेश कुमार ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण से सम्बंधित झांकियां, मटकी फोड़, नाटक, डांस आदि प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर नीलाक्ष, आरव, अभिनय, परी वर्मा, गायत्री, लक्ष्मी, आरुपी शर्मा, प्रिया सैनी, खुशबू, मनु गोस्वामी, हंसिका, जयश्री, मनुशी, यश, वंश वर्मा, प्रशांत, राजवीर, नैतिक, प्रिया ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# बिजनौर से राजीव सिसोदिया, सुभाष वाल्मीकि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने

## हरजिन्दर कौर पुनः बनी क्षेत्रीय मंत्री



**बिजनौर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश ने पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष एमएलए पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत घोषित की गई इस समिति में कुल 37 पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

घोषित सूची के अनुसार 10 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, 4 क्षेत्रीय महामंत्री, 10 क्षेत्रीय मंत्री तथा 13 सदस्यों को समिति में स्थान दिया गया है। पार्टी ने क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पदाधिकारियों की नई टीम गठित की है।

### क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में विनोद त्यागी, मानसिंह गोस्वामी, हरेंद्र जाटव, प्रवीण मित्तल, बिजेंद्र कश्यप, अंकुर राणा, राजीव सिसोदिया, प्रदीप सैनी, विनोद चौधरी और सुभाष वाल्मीकि को जिम्मेदारी दी गई है।

### चार महामंत्रियों को मिली जिम्मेदारी

क्षेत्रीय महामंत्री के पद पर अशोक मोंगा, हरीश सिंह, संजीव सिक्का (गोयल) और रूपेंद्र सैनी को नियुक्त किया गया है।

### ये बने क्षेत्रीय मंत्री

क्षेत्रीय मंत्री के रूप में अजय भारद्वाज भराला, श्रीमती कुमुदिनी चौधरी (सैनी), श्रीमती हरजिंदर कौर, सुखविंदर सोम, नितिन मलिक, महेश बाली, दीपक ऋषि गौड़, वरुण गोयल, सौरवपाल लोधी और आयुष पवार को शामिल किया गया है।

### 13 सदस्य भी समिति में शामिल

समिति में सदस्य के रूप में मनोज शर्मा, श्रीमती गीता शर्मा, नितिन शर्मा, राजीव कसाना, श्रीमती रवीना सिंह, कृष्णचंद सैनी, रोहित वाल्मीकि, हरमीत बख्शी, हेमंत लोधी, ललित राज गोदी, संजय राणा, सतेंद्र चौधरी और राजीव लोचन प्रजापति को स्थान दिया गया है। भाजपा की ओर से जारी घोषणा के बाद पश्चिम क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# रामा कॉलेज में हुई भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के होम साइंस विभाग में पोषण सप्ताह का शुभारम्भ भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा हुआ। होम साइंस विभागाध्यक्ष रचना चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पोषण सप्ताह का आयोजन 1 सितम्बर से 7 सितम्बर तक किया जाता है। पोषण सप्ताह में छात्राओं को भोजन में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों एवं शारीरिक स्वास्थ के प्रति जागरूक किया जाता है। पोषण सप्ताह में जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भाषण प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम स्थान, शिवानी ने द्वितीय स्थान एवं प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोषण सप्ताह के दूसरे दिन बी.एससी. एवं एम.एससी होम साइंस की छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक पोस्टर तैयार किये। पोस्टर प्रतियोगिता में अल्फिया ने प्रथम स्थान, मेहविश ने द्वितीय स्थान एवं शालू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, उपप्राचार्य डॉ.रवीश कुमार, मोनिका सिंह, शुभांगी भारद्वाज, भूमिका एवं सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**खासपुरा ( चिंगारी )।** रघुकुल ग्लोबल एकेडमी पैजानिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा पांच के छात्र श्याम त्यागी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रभावशाली भाषण दिया, जबकि नाइंथ क्लास की छात्रा दीपिका ने हिंदी भाषण प्रस्तुत किया। खुशी, अंशिका, अमनप्रीत एवं हिमांशी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी त्यागी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के आदर्शों, सत्य, कर्म और सद्भावना के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।







# वाहन की टक्कर से गुलदार घायल



**चंदक ( चिंगारी )।** अज्ञात वाहन से टकराकर गुलदार गंभीर रूप से घायल हो गया। गुलदार थोड़ी देर सड़क पर पड़ा रहा, बाद में उठकर खेतों में चला गया। गुरुवार की शाम मंडावर रोड पर खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर के निकट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पास एक गुलदार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। घायल अवस्था में गुलदार काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा, जिस कारण उसे देखने वालों की भीड़ लग गई। कुछ देर बाद गुलदार उठकर समीप के खेतों की ओर चला गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कॉम्बिंग अभियान शुरू किया, लेकिन गुलदार का पता नहीं चल सका।

# रुचि वीरा के जन्मदिन पर चिकित्सा शिविर आयोजित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रुचि वीरा के जन्मदिवस के अवसर पर केपीएस इंटर कॉलेज, बिजनौर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 (प्रवर्तक: कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) के सौजन्य से किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सक जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय बिजनौर की प्रभारी डॉ. ऊषा तथा डॉ. अफीफा उपस्थित रहीं। शिविर में कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने अपनी-अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय से अभिषेक सिंह व प्रमोद कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं केपीएस इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता गुप्ता तथा अता कौसर का सराहनीय योगदान रहा। इसके साथ ही रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 के हेड सुनील भारद्वाज, टीम सदस्य शबाना बेग, सारिका चौधरी और डॉ. शबनम कुरैशी आदि भी उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व





बिजनौर ( चिंगारी )। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत/उपवास रखा। शहर के मंदिरों को फूलों और बिजली की झालरों से सजाया गया है। शाम को सभी मंदिरों में झांकियां सजाई जायेंगी।

नगर के शिव मंदिर शुगर मिल, 84 घंटा मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, शिव मंदिर नई बस्ती, शिव मंदिर गीता नगरी, चामुंडा मंदिर, श्री मां कालिका मंदिर, बाबा जय शिव मंदिर मोहल्ला अचारजान, श्री सनातन शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी आदि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सभी मंदिरों में रात्रि में झांकियां देखने के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। रात्रि ठीक 12 बजे आरती की जायेगी।

पुलिस लाइन में हर वर्ष की तरह श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। विद्यालयों में एक दिन पूर्व जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में राधा-कृष्ण की झांकियां सजाई गईं तथा रूप सज्जा प्रतियोगिता, मटकी फोड़ प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

आज सुबह लगभग 4 बजे से रिमझिम बारिश होने और आसमान में लगातार बादल छाये रहने से मौसम भी खुशगवार हो गया है। ऐसा लग रहा है जैसे भगवान इंद्र भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां मना रहे हों।

## जेपी पब्लिक स्कूल चांदपुर में हुआ रंगारंग कार्यक्रम




चांदपुर ( चिंगारी )। जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास प्रस्तुति रही चारों हाउस की कृष्ण-केंद्रित प्रतियोगिता, जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व के विभिन्न रूपों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया। चारों हाउस की प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की शानदार वेशभूषा, संवाद-अभिनय, भाव-भंगिमा और मंचीय आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया। दही हांडी फूटते ही पूरा विद्यालय परिसर जय श्री कृष्ण और जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

## श्रीकृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर मन मोह लिया



नगीना ( चिंगारी )। एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी लीलाओं पर आधारित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कीं। रेड (बुल्स) हाउस ने कारागार दृश्य, ग्रीन (ड्रैगन्स) हाउस ने रासलीला, येलो (स्कार्पियंस) हाउस ने कदंब के पेड़ की झांकी द्वारा श्री कृष्ण और गोपियों के प्रेम को दर्शाया, वहीं दूसरी ओर ब्लू (ईगल्स) हाउस ने माखन चोर कान्हा द्वारा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा एवं ग्वाल-बालों की मनमोहक वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने तथा सत्य, और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्रबंध निर्देशिका सिद्धि अग्रवाल ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, सत्य, कर्म और कर्तव्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रिया व तसनीम फातिमा ने किया।

## खासपुरा में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ मनाया कान्हा का जन्मोत्सव




खासपुरा ( चिंगारी )। प्राचीन शिव मंदिर खासपुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और भगवान श्रीकृष्ण की पालकी और झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर सेवादारों की और से मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैसे ही मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई दी और प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।

## राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई



चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मंदिर चांदपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व स्वरूप सज्जा का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत भैया-बहनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों को प्रस्तुत करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ कार्यक्रम व श्रीराधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का रहा। कार्यक्रम में श्रीमती पायल अग्रवाल एवं श्रीमती सिद्धि मित्तल, श्रीमती पूजा, श्रीमती अर्चना एवं श्रीमती पारुल को पटका पहनाकर एवं श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भैया वैभव वर्मा और बहन ईशा ने संयुक्त रूप से किया।

## रूट्स इंटरनेशनल स्कूल में उत्साह के साथ मनाई गई जन्माष्टमी



नूरपुर ( चिंगारी )। रूट्स इंटरनेशनल स्कूल, नूरपुर में जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को मनाने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए प्रेम, सत्य, धर्म और करुणा के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं जन्माष्टमी से जुड़े विभिन्न दिव्य पात्रों का रूप धारण करना रहा। विद्यार्थियों ने सुंदर एवं रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय परिसर को भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण वातावरण से भर दिया। अभिभावकों के सहयोग और उत्साह ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया तथा बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ाया।




## भगवंत स्कूल में हुई हांडी फोड़ो प्रतियोगिता



चांदपुर ( चिंगारी )। भगवंत पब्लिक स्कूल, नूरपुर रोड, चांदपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही हांडी-फोड़ो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं राधा-कृष्ण से संबंधित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। हांडी-फोड़ो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें गंगा हाउस ने प्रथम तथा सिंधु हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर का वातावरण हर्ष, उल्लास एवं उत्साह से भर गया। भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डा. अनिल सिंह, चेयरपर्सन डा. आशा सिंह, प्रबंधक पुष्पनील वर्मा, प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह, वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## आधारशिला स्कूल में हुई विशेष प्रार्थना सभा



चांदपुर ( चिंगारी )। आधारशिला द स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के 5253 वें प्राकट्योत्सव दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सत्र का आयोजन किया गया। विशेष प्रार्थना सभा में कक्षा पंचम ब के छात्र देव राजपूत एवं माणविक मित्तल कृष्ण की वेशभूषा में तथा पंचम अ की छात्रा अवनी शर्मा और पंचम ब की छात्रा आव्या त्यागी राधा रानी के वेशभूषा को धारण किए हुए थे। कक्षा पंचम द के छात्र राघवेंद्र ने भगवान श्री कृष्ण का एक मनमोहक भजन सुनाया। वहीं की छात्रा माही ने भी भगवान कृष्ण का एक भजन सुनाया। विद्यालय के हिंदी अध्यापक चतुर्भुज पाण्डेय ने भी-- मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो...... भजन सुनाकर सबको भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल- कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबीता त्यागी, पूजा पाण्डेय, हेमंत त्यागी, कोमल चौहान एवं तुषार का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी- विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पाण्डेय ने किया।

## गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व



नूरपुर( चिंगारी )। धामपुर रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विभिन्न रंगारंग एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रात:कालीन सभा में छात्रा प्रभसिमरन ने जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण हो गया। इस अवसर पर सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस एवं तेज हाउस के मध्य कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं तथा जन्माष्टमी से संबंधित आकर्षक एवं मनमोहक सजावट तैयार की। प्रियल, शिवी, रितिका, उदिशा, आराध्या, आदित्य, रिया, कनिष्का का प्रदर्शन और व्याख्या सर्वश्रेष्ठ रहे। प्रथम स्थान पर टैगोर हाउस एवं भगत सिंह हाउस, द्वितीय स्थान पर तेज हाउस एवं तृतीय स्थान पर सुभाष हाउस एवं गांधी हाउस रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक कार्यों एवं उत्साह की सराहना की।



कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चे प्रधानाचार्या एवं एमडी के साथ

## राधा-कृष्ण बनकर मन मोह लिया

नांगल सोती ( चिंगारी )। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव ( मंडावली ) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर मनमोहक एवं अत्यंत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा स्कूल परिसर श्रीकृष्ण की भक्ति में रंगा हुआ नजर आया। कक्षा नर्सरी एवं कक्षा एक के बच्चों ने 'नटखट नटखट यमुना के तट पर' और 'चैन चुराये हाय राम मैया' आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा, एमडी कुलदीप सिंह ने सभी बच्चों को फल वितरित किये। कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिये नेहा, पूजा, वैशाली, अलका, चांद बी, शिवानी, सारिका और अंकित आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष रूप से योगदान रहा। प्रधानाचार्या एवं एमडी ने सभी बच्चों को और अभिभावकों को जन्माष्टमी की अग्रिम शुभकामनायें देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राधा-कृष्ण बनने वाले बच्चों में ताक्षवि, अर्णव, अरूणिता, दिव्यांश, काव्या, गर्व, वेदिका, चारु, समर्थ, कुशपाल, आयुषी, शिवांश, क्रिस्टी, जियांश,अनन्या, जैनुल, अफसा, आराध्या, प्रियल और सृष्टि प्रमुख रहे।

## आरआर पब्लिक स्कूल में बच्चों ने राधा कृष्ण बनकर दी मनमोहक प्रस्तुति



नूरपुर ( चिंगारी )। स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर सबका ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। कृष्ण राधा भक्ति पर आधारित गीतों पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जमकर प्रस्तुति दी। बाल कलाकारों ने अपने अभिनय और नित्य से कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधक श्रीमती दीपा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हर जीवन के लिए आदर्श हैं और सभी को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, मोनिका राजपूत, मीनू वर्मा, अलका चौहान, भारती त्यागी, शिखा चौधरी, रीना रानी, नैन्सी चंद्रा, रूबीना अंजुम, सोनम वर्मा, मोनिका आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# गौसपुर में कट-कटकर गंगा में समा रही कृषि भूमि

## कल एक दम्पति भूमि कटान के कारण गंगा में समाने से बाल-बाल बचे

**नांगल सोती (चिंगारी)। गौसपुरवासी भूमि कटान का दंश वर्ष 2013 से झेल रहे हैं। बस्ती के सामने तो पत्थरों के बोल्डर स्टड लगे हैं, मगर किसानों का पेट भरने वाली उनकी कृषि भूमि अभी भी कट-कटकर गंगा में समा रही है।**

ज्ञातव्य है कि क्षेत्र के ग्राम गौसपुर में गंगा द्वारा किये जा रहे भूमि कटान के कारण गंगा में समाती जा रही अपनी गन्ने की फसल को पशुओं के चारे के रूप में उपयोग में लाने को कल सुबह ग्राम निवासी सत्यपाल सिंह (67 वर्ष), अपनी पत्नी उषा देवी व पुत्रवधू शशि के साथ गन्ने की फसल काटने गये थे। पति-पत्नी गन्ना काटने को खेत में बैठे ही थे कि खेत का बहुत बड़ा हिस्सा कटकर गिर गया था। खेत के उसी हिस्से पर बैठे पति-पत्नी मिट्टी की ढांग में दब गये थे। ढांग के बीच में पड़े उन्हीं के खेत के जामुन के पेड़ की वजह से वे गंगा में गिरने से बच पाये थे। ग्रामीणों ने काफी मुश्किलों से मिट्टी से बाहर निकालकर उन्हें बचाया था। बस उन पर ईश्वर की कृपा रही थी कि वर्ना दो जिंदगियां भूमि कटान की भेंट चढ़ने में कोई कसर बाकी नहीं रह रही थी।

बता दें कि गौसपुर में भूमि कटान के कारण किसी



गंगा द्वारा खेतों में किया जा रहा भूमि कटान

ग्रामीण के मिट्टी की ढांग में दब जाने की यह पहली घटना नहीं थी। वर्ष 2014 में ग्राम निवासी युवक देवेन्द्र (21 वर्ष) पुत्र महेन्द्र सिंह इसी तरह भूमि कटान की चपेट में आकर मिट्टी में दब गया था और उसकी मृत्यु हो गई थी। उसके बाद कामेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र जयपाल सिंह ढांग की मिट्टी में दब गया था, हालांकि उसे ग्रामीणों ने तुरंत बाहर निकाल लिया था, जिससे उसकी जान बच गई थी।

### वर्ष 2013 में भारी भूमि कटान का दंश झेला है गौसपुर ने

वैसे तो गांव के सामने कृषि भूमि का थोड़ा-थोड़ा कटान वर्ष 2010 से हो रहा था, लेकिन वर्ष 2013 में आई केदारनाथ आपदा ने गंगा का रुख गांव की तरफ को ऐसा घुमाया था कि भूमि कटान बहुत तेजी से शुरू हो गया था। 2022 तक लगातार हुए भूमि कटान से जहां गांव की हजारों बीघा कृषि भूमि गंगा में समा गई थी, वहीं गंगा बस्ती से कुछ ही दूर रह गई थी। आखिरकार वर्ष 2023 में सेंट्रल वॉटर कमीशन के रिकमेंडेशन पर कटाव निरोधक परियोजना के तहत अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर द्वारा गांव के सामने पत्थरों के बोल्डर स्टड लगाये गये थे। यह कार्य गौसपुर सहित बिजनौर तक गंगा किनारे बसे 25 गांवों की रक्षा के लिये स्वीकृत हुई 63 करोड़ रूपये की परियोजना के तहत किया गया था। बस्ती के सामने बोल्डर स्टड लगाये जाने से वहां भूमि कटान रुका है। वहां गंगा की धारा भी अब थोड़ी पीछे हटी है। लेकिन बस्ती से दक्षिण दिशा की ओर गंगा द्वारा कृषि भूमि में अभी भी खूब कटान किया जा रहा है। किसान बड़ी लाचारी के साथ अपने सामने अपनी कृषि भूमि को गंगा में समाते देखने को मजबूर हो रहे हैं।



वो पेड़ जिसने पति-पत्नी को गंगा में समाने से बचाया

### बड़ी संख्या में किसान हुए प्रभावित

गंगा द्वारा किये गये भूमि कटान से गौसपुर के किसान बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं। प्रभावित किसानों में रामप्रसाद सिंह, मामराज सिंह सैनी, विजय सिंह, स्व. सुरेन्द्र सिंह, राम सिंह, मगन सिंह, ज्ञान सिंह सैनी, चरण सिंह सैनी, स्व. शिवकुमार सैनी, दीवान सिंह, महेंद्र सिंह, सुनील कुमार, कुंदन सिंह, परमा सिंह, स्व. धर्म सिंह, महेंद्र सिंह, शेर सिंह, राजपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, स्व. मोहन सिंह, सत्यपाल सिंह, सुरेश सिंह, हरज्ञान सिंह, सतीश चौधरी, सुरेशपाल, मनोज पाल प्रमुख हैं। कुछ किसान पास के गांव तिसोतरा के भी निवासी हैं।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**हल्दौर (चिंगारी)।** डॉ. फकीरचन्द सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हल्दौर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, उमंग एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण एवं राधा स्वरूप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा एवं




मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

श्रीकृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता में कृषिव ने प्रथम, हितकर्ष ने द्वितीय तथा सृजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राधा स्वरूप प्रतियोगिता में इशानी प्रथम, भारती द्वितीय तथा काश्वी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रेया अग्रवाल, रिमझिम रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार रस्तोगी एवं कोषाध्यक्ष संदीप रस्तोगी रहे। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों की वेशभूषा, भाव-भंगिमा, प्रस्तुति एवं अभिनय के आधार पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, प्रेम, कर्तव्य एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना की।

DMF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# किसान की फसल महंगी होते ही सरकार को चिंता क्यों?

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि इस देश का दुर्भाग्य है कि किसान के खेत से निकलने वाले आलू, चावल, दाल, चीनी या अन्य कृषि उत्पादों के दाम बढ़ते ही सरकार चिंतित हो जाती है, लेकिन पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, टायर, वाहन, कीटनाशक, उर्वरक और यहां तक कि टूथपेस्ट जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ने पर ऐसी चिंता दिखाई नहीं देती।



उन्होंने कहा कि किसान की फसल जब उसके घर या खेत में होती है, तब उसके मूल्य की कोई चिंता नहीं होती, लेकिन वही फसल व्यापारी के गोदाम में पहुंचते ही महंगी हो जाती है। सरकार को किसानों की फसल के लाभकारी मूल्य की गारंटी और वह मूल्य सीधे किसान तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। चौधरी दिगंबर सिंह ने उत्तर प्रदेश के गन्ना विभाग द्वारा जारी हालिया आदेश को किसान हितों के विपरीत बताते हुए इसे निंदनीय कहा और सरकार से आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की।

# डीएम-एसपी ने किया रामडोल जुलूस मार्ग का निरीक्षण

## नगीना के प्रसिद्ध रामडोल जुलूस को लेकर प्रशासन अलर्ट



नगीना में रामडोल जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में निकलने वाले प्रसिद्ध रामडोल जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने मार्ग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

बृहस्पतिवार की शाम डीएम जसजीत कौर और एसपी केके बिश्नोई ने रामडोल जुलूस के आयोजकों व स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जुलूस के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मार्ग पर साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम व अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर एएसपी देहात प्रकाश कुमार, एसडीएम प्रिंस कुमार, सीओ राजेश सोलंकी, थानाध्यक्ष विकास कुमार, बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, राजकुमार बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# कुत्ते के टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

**चंदक ( चिंगारी )। कुत्ते के बाइक से टकराने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम यहां मंडावर रोड पर आरामशीन के पास एक बाइक सवार के सामने आवारा कुत्ता आ गया, जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार सड़क पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सबलपुरबीतरा निवासी कुलदीप 40 वर्ष पुत्र मंगू सिंह के रूप में हुई। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेज दिया।**

# बूथ समितियों का सत्यापन किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** भाजपा किरतपुर नगर मंडल में पाराशर आवास पर मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं शक्ति केंद्र अंबेडकर नगर में बूथ समितियों के सत्यापन के निमित्त आयोजित बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' का मार्गदर्शन एवं सान्निध्य प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय महामंत्री द्वारा मंडल के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई तथा मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर एवं समस्त मंडल टीम द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी गई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष विकास चौहान, विकास राजपूत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीना राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, भाजपा सभासद मयंक अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष मलखान सिंह, अरुण चौहान, राहुल सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# निकालते थे पटाखे जैसी आवाज़, गिरी पुलिस की ग़ाज



**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर कस्बे में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज करने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी के निर्देशन में कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने पुलिस बल के साथ बुधवार शाम कस्बे में सघन गश्त और वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी दो बुलेट बाइक के चालकों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण फैलाने के आरोप में 10-10 हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं पटाखे जैसी तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर से लैस दो अन्य बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज कर दिया गया। दोनों वाहनों पर 15,500-15,500 रुपये का मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया गया। पुलिस की कार्रवाई में कुल 51 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से मॉडिफाइड साइलेंसर इस्तेमाल न करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# बकरी चराने गया युवक नदी में बह गया, मौत

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी चराकर घर वापस लौट रहा युवक खारी नदी के तेज बहाव के साथ बह गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों एवं पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई। देर सायं युवक का शव खो नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर कुंडा निवासी रियासत अहमद का पुत्र शहबाज (18 वर्ष) गुरुवार की दोपहर गांव के दो अन्य लोगों के साथ गांव के समीप बहने वाली खारी नदी पार बकरियां चराने गया था। क्षेत्र में बारिश होने के चलते जब नदी का जल स्तर बढ़ने लगा तो शहबाज दोनों अन्य बकरी पालकों के साथ बकरियों सहित वापस घर लौटते समय जब नदी पार कर रहा था तभी खारी नदी का जल स्तर और बढ़ गया। इसी दौरान शहबाज के साथी दोनों अन्य बकरी पालक और बकरियों ने तैरकर नदी पार कर ली, किंतु शहबाज नदी के तेज बहाव में बह गया। शाहबाज के साथ बकरी चराने गए दोनों अन्य बकरी पालकों ने घटना की सूचना शहबाज के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों और बढ़ापुर पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में शहबाज की तलाश कराई गई। काफी खोजबीन के बाद गोताखोरों को खो नदी के संगम पर शाहबाज का शव मिला सका। बढ़ापुर पुलिस द्वारा शहबाज के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिना अनुमति लाउडस्पीकर लगाये पुलिस ने 32 जगह से हटवाये



**किरतपुर ( चिंगारी )।** शासन व प्रशासन के आदेश पर कल स्थानीय पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर बिना अनुमति लगे लाउडस्पीकर हटवा दिए। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि कल शासन व पुलिस कप्तान के निर्देश पर नगर व क्षेत्र के 32 धार्मिक स्थलों से बिना अनुमति के लगे लाउडस्पीकर हटवा दिए। थाना अध्यक्ष ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों के संचालकों से कहा है ध्वनि की तीव्रता तय मानकों के हिसाब से कर लें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति वाले लाउडस्पीकर खुद उतार लें अन्यथा पुलिस उतरवा देगी और अभी कई दिन यह अभियान चलेगा।

# तालाब में सिंघाड़े की बेल सीधी कर रहे व्यक्ति की डूबने से मौत



मृतक के घर जमा लोग

**शेरकोट ( चिंगारी )।** तालाब में सिंघाड़े की बेल सीधी कर रहे एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी 50 वर्षीय मौ. शराफत बृहस्पतिवार की दोपहर ग्राम मुबारकपुर कुंडा के निकट स्थित तालाब में लगाई गई सिंघाड़े की बेल सीधी करने और उन पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गए थे। शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तालाब पर जाकर देखा तो शराफत गायब मिले। आसपास के गोताखोरों द्वारा पानी में तलाश किये जाने पर मौ. शराफत गहरे पानी में मिले। परिजनों द्वारा पानी से निकालकर उन्हें तत्काल डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। मृतक के भाई शमशाद हुसैन ने बताया कि शराफत के चार बच्चे हैं। माना जा रहा है कि शराफत को हार्ट अटैक हुआ होगा और वह पानी में गिर गये होंगे, जिससे उनकी मौत हो गई।

# विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा का कार्यक्रम हुआ जारी

## ○ टीईटी परीक्षा को पांच सितंबर से आवेदन कर सकेंगे सेवारत शिक्षक ○ तीन नवंबर को होगी टीईटी की परीक्षा

**बिजनौर ( चिंगारी )। शासन ने शिक्षक दिवस से पूर्व सेवारत शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर खुशखबरी दी है। 5 सितंबर से विशेष टीईटी परीक्षा को शिक्षक पंजीकरण कर सकेंगे। आवेदन करने वाले सेवारत शिक्षकों की टीईटी परीक्षा तीन नवंबर को आयोजित की जाएगी।**


प्रदेश में टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने कई बड़े आंदोलन किए हैं, पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते शिक्षकों को राहत नहीं मिल सकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 साल के भीतर सभी शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने का फरमान जारी किया था। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सेवारत शिक्षकों को खुश करने के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा करने का निर्णय लिया था। ताकि सेवारत शिक्षकों की सेवा को कोई नुकसान न हो। अब उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के उपसचिव संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को सेवारत शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। शासन द्वारा शिक्षक दिवस से पूर्व परीक्षा का कार्यक्रम घोषित करना भी शिक्षकों के लिए खुशखबरी है। शिक्षक संगठन लगातार टेट परीक्षा का विरोध कर रहे हैं। उपसचिव संजय कुमार सिंह के मुताबिक परीक्षा के लिए शिक्षक अब 5 सितंबर से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। परीक्षा के लिए 4 अक्टूबर तक पंजीकरण होंगे तथा 3 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर टीईटी कीप विशेष परीक्षा होगी। हालांकि शिक्षक संगठनों के अथक प्रयास के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट वापस नहीं हो सका।

उधर उत्तर प्रदेशिय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक लगातार सेवारत शिक्षकों की परीक्षा कराने का विरोध जता रहे हैं। अखिल भारतीय शिक्षक संघ के नेतृत्व में भी दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया गया था, पर सुप्रीम कोर्ट से शिक्षकों को कोई राहत नहीं मिली थी। शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के चलते प्रदेश सरकार ने सेवारत शिक्षकों के लिए विशेष पात्रता परीक्षा करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2000 से पूर्व में तैनात शिक्षक टेट परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। उसे दौर में सेवारत शिक्षकों के लिए विशिष्ट बीटीसी तथा बीटीसी ही अनिवार्य हुआ करती थी, जबकि वर्ष 2010 के बाद सभी शिक्षकों को टेट की परीक्षा करना अनिवार्य कर दिया गया था। शासन द्वारा भारत शिक्षकों की परीक्षा कराने को भी सराहा गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने बताया कि शिक्षक संघ मजबूती के साथ सेवारत शिक्षकों के साथ खड़ा है, किसी भी सूरत में शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

### शिक्षक संगठनों की कुंडली खंगालनी हुई शुरू

**शासन ने अब माध्यमिक शिक्षा परिषद तथा बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन शिक्षक संगठनों की कुंडली खंगालने का काम शुरू कर दिया है। शिक्षा निदेशक बेसिक व माध्यमिक से शिक्षक संगठनों का ब्यौरा सात दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। माध्यमिक शिक्षा में बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा में बेसिक शिक्षा से सात दिन के भीतर मान्यता प्राप्त संगठनों का ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मंत्री के निर्वाचन की तिथि, मान्यता प्राप्त संगठन के नवीनीकरण की तिथि आदि विवरण मांगा गया है। गौरतलब हो कि प्रदेश में एक दर्जन से भी अधिक शिक्षक संगठन कार्य कर रहे हैं, जबकि शासन से चार-पांच संगठन ही मान्यता प्राप्त बताए जाते हैं। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों की सूचना मांगे जाने से कई शिक्षक संगठनों में खलबली मची है। फर्जी शिक्षक संगठन जांच के घेरे में आ गए हैं।**

## ध्वज परिवर्तन किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** श्री हाथी वाला मंदिर नहटौर में विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक ध्वज परिवर्तन किया गया। नये ध्वज पर प्रकाश की स्थापना की गई। वक्ताओं ने कहा कि धर्मध्वजा सदैव हमारे सनातन धर्म, आस्था और गौरव का प्रतीक रही है। देवाधिदेव महादेव प्रभु की कृपा



बनी रहे और मंदिर परिसर सदैव भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित रहे। इस अवसर पर माणिक वर्मा अध्यक्ष विहिप, मोहित भारद्वाज, अमन, कमल चौधरी, रितेश अग्रवाल आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## छात्रा की रहस्यमय मौत से परिवार में कोहराम

### जहरीले जंतु द्वारा काटने की आशंका

**शेरकोट ( चिंगारी )। बृहस्पतिवार की रात एक 14 वर्षीय छात्रा की रहस्यमय मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। छात्रा को किसी विषेले जंतु द्वारा काटे जाने की आशंका जताई जा रही है।**

### मृत्यु का कारण पता नहीं चला

क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी मगन सिंह ने बताया कि कल शाम लगभग छः बजे उनकी पुत्री मीनाक्षी घर के निकट स्थित घेर से लकड़ियां लेकर घर आयी थी। कुछ देर बाद उसे बेहोशी सी होने लगी और देखते ही देखते उसकी हालत नाजुक हो गई। परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा देर रात तक उसका देशी जड़ी-बूटियों से भी उपचार कराया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। आशंका जताई जा रही है कि मीनाक्षी को किसी जहरीले जंतु द्वारा काटा गया है। अचानक हुए इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मगंनसिंह मेहनत मजदूरी करते हैं तथा उनकी तीन संतानों में मृतका दूसरे नंबर की थी और दो भाईयों की इकलौती बहन थी। वह गांव के विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा थी। परिजनों द्वारा आज दोपहर मिनाक्षी का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### जंगल जा रहे थे अनिल कुमार, सामने आया गुलदार

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** गुलदार का खौफ बढ़ता ही जा रहा है। जंगल में कितने गुलदार हैं, कोई नहीं जानता। दो-चार पकड़े जाते हैं, लेकिन फिर दूसरे निकल आते हैं। किसानों और मजदूरों का खेतों पर जाना दूभर हो गया। जंगल में काम करना खतरे से खाली नहीं है। ग्राम छाछरी टीप निवासी मा. अनिल कुमार डीलर पशुओं का चारा लेने जंगल में गये थे। रास्ते में गुलदार मिल गया। अनिल कुमार ने पास में खड़ी मोटरसाइकिल की आड़ में छिपकर खुद को गुलदार से बचाया।

## आरामशीन को सील किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर ने एक आरामशीन को अग्रिम आदेश तक निलंबित कर सील लगा दी। सामाजिक वानिकी प्रभाग चांदपुर रेंज के अन्तर्गत आरामशीन लाइसेंस संख्या 66/1992 जो रिहाना पत्नी मौ. शाहिद निवासी मुहल्ला शाहचंदन के नाम निर्गत था, जो खसरा संख्या 1087 चांदपुर में संचालित है। बताया जाता है कि सैफ, सारिम, अकबर, फरहान उल इस्लाम निवासी चांदपुर द्वारा 25 फरवरी 26 को शिकायत की गई थी। उपजिलाधिकारी चांदपुर 8 जुलाई का आदेश एवं खतौनी संलग्न कर खसरा संख्या 1087 मि. में सहखातेदार होने का दावा प्रस्तुत किया गया है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय वन अधिकारी चांदपुर द्वारा इस सम्बन्ध में नोटिस जारी किया गया था। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के अनुसार उत्तर संतोष जनक नहीं पाये जाने व आरामशीन स्वामी द्वारा उत्तर प्रदेश आरामशीन की स्थापना विनियमन (षष्ठम संशोधन) नियमावली में दिये गये प्राविधानों का उल्लघंन किया गया है, उपरोक्त दशा में उक्त आरामशीन लाइसेंस संख्या 66/1992 को अग्रिम आदेश तक निलंबित किया जाता है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## भगवान के विग्रहों को नये वस्त्र धारण कराये



**नहटौर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के श्री हाथी वाला मंदिर में भगवान के विभिन्न विग्रहों को नये वस्त्र धारण कराये गये। बुधवार को नहटौर में श्री हाथी मंदिर में विनिल वर्मा एवं माणिक वर्मा द्वारा विधि-विधान के साथ भगवान को नये वस्त्र धारण कराए गए। विग्रहों को भी सुंदर एवं आकर्षक वस्त्रों से सजाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर रितेश अग्रवाल, मोहित भारद्वाज, अमन अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, अर्पित गुप्ता, पंकज जैन, सजल अग्रवाल, गुंजन वर्मा, मेघा वर्मा, मीनू वर्मा, प्रज्ञा भारद्वाज, ऋतु अग्रवाल, हर्षि अग्रवाल, अलका वर्मा, दीपा वर्मा, राधिका गोयल, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## शहजादपुर में जाहरवीर मंदिर पर दो दिवसीय मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरेवली ( चिंगारी )।** गांव शहजादपुर स्थित जाहरवीर मंदिर पर दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और जाहरवीर बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मन्नतें मांगीं। मेले को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिर में पूजा-अर्चना और प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज के गांवों से भी लोग परिवार सहित मेले में पहुंचे।

### श्रद्धा से शीश नवाया

***ग्रामीणों का कहना है कि जाहरवीर मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर बाबा के दरबार में शीश नवाते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।***

मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए थे। इसके अलावा चार पकौड़ी, जनरल मर्चेंट, मिष्ठान सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों और महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की तथा झूलों का आनंद लिया। वहीं श्रद्धालुओं ने मेले में प्रसाद और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। आयोजकों द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मंदिर कमेटी के सदस्यभी मौजूद रहे। दो दिनों तक चले मेले में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

# समाधि विवाद में पुलिस-प्रशासन की तत्परता से तनाव टला

## दोनों पक्षों की सहमति से समाधान की पहल

**पैजनिया ( चिंगारी )। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव जैनुल आबदीनपुर में पूर्वजों की समाधि तोड़े जाने को लेकर चल रहा भूमि विवाद बृहस्पतिवार को उस समय चर्चा में आ गया, जब भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रजापति के आह्वान पर प्रजापति समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पीड़ित परिवार के समर्थन में मौके पर पहुंच गये।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए चांदपुर तहसील की राजस्व टीम के साथ सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल को शांत कराया। उल्लेखनीय है कि गांव निवासी योगराज प्रजापति ने 31 अगस्त को एसडीएम चांदपुर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके माता-पिता ने करीब 30 वर्ष पूर्व अपने चचेरे भाई केवल सिंह से लगभग डेढ़ बीघा भूमि, खसरा संख्या-33, अपने पूर्वजों की समाधि के लिए ली थी। उक्त स्थान पर बनी समाधि को गांव पावटी निवासी राशिद हुसैन द्वारा कथित रूप से तोड़कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष राशिद हुसैन का कहना है कि वह लंबे समय से उक्त जमीन पर खेती करता आ रहा है उसके अनुसार वहां समाधि होने की कोई जानकारी या स्पष्ट निशान नहीं था। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम चांदपुर के निर्देश पर हल्का लेखपाल राजपाल सिंह और राजस्व निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार पंकज राणा, यश कुमार तथा सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर उनकी बात सुनी और मौके की स्थिति को समझने का प्रयास किया। प्रशासन की ओर से यथास्थिति बनाए रखने तथा विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का भरोसा दिलाया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद तोड़ी गई समाधि के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तत्काल शुरू कराने पर सहमति बनी।



गांव में तैनात पुलिस बल।

### गांव में स्थिति सामान्य

**समय रहते अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और बातचीत से संभावित तनाव टल गया। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया, वहीं राजस्व अधिकारियों ने भूमि संबंधी तथ्यों और अभिलेखों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने की दिशा में कार्रवाई की। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है।**

# फिर दोनों को पदमुक्त किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने संगठन में पद पर बहाल किये दोनो पदाधिकारियों को पुन: पदमुक्त कर दिया है। आरोप है कि दोनों नेता संगठन विरोधी कार्य कर रहे हैं। बता दें कि 16 मई को भाकियू नहटौर ब्लॉक की समीक्षा के उपरांत जिला सचिव जगत सिंह व जिला उपाध्यक्ष सुजीव चौधरी को पदमुक्त कर दिया था। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा मामले को हाई कमान के सामने भी उठाया था। जिस पर जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दोषमुक्त बताते हुए सुजीव चौधरी एवं जगत सिंह को पूर्व पदों पर बहाल किया गया था। उक्त दोनों नेता सोनू चौधरी के समर्थित बताए जाते हैं। हाल ही में सोनू चौधरी के भाकियू से पदमुक्त होने के उपरांत जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने पुन: सुजीव कुमार व जगत सिंह को संगठन के सभी दायित्व से हटा दिया। भाकियू ब्लॉकध्यक्ष विकास चौधरी द्वारा कारवाई की पुष्टि की गई है।वहीं, पदमुक्त हुए सुजीव चौधरी ने बताया कि उन्होंने 2 दिन पहले ही पद छोड़ दिया है।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई



**नहटौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता' रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी ने किया। यूकेजी के छात्रों और एलकेजी, नर्सरी के छात्रों ने 'छोटी-छोटी गईया', 'छोटे-छोटे ग्वाल', 'राधा गोरी गोरी', और 'कान्हा सो जा जरा' जैसे मनमोहक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये।

# इमरान नवाज को बनाकर प्रभारी सौंपी शामली की जिम्मेदारी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे छात्रो,नौजवानो एवं PDA जागरूकता अभियान के तहत शेरकोट के ग्राम रामसहायवाला निवासी सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव इमरान नवाज़ को जनपद शामली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए इमरान नवाज ने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिस विश्वास पर उन्हें ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे पूरी ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि ये अभियान 05 सितंबर से 11 सितंबर तक जनपद शामली में चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इमरान नवाज़ ने प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा का भी आभार जताते हुए कहा कि ये उनके लिए सौभाग्य की बात होगी, जो उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी टीम के साथ शामली पहुंचकर छात्रों, नौजवानों एवं आम जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे और जमीनी स्तर पर काम कर सपा को अधिक मजबूत करने का प्रयास करेंगे। इमरान नवाज को जनपद शामली का प्रभारी बनाए जाने से उनके साथियों में खुशी का माहौल है।

# नौधा में फायरिंग करने वाले अभी पकड़े नहीं जा सके

**नहटौर ( चिंगारी )। पांच दिन पूर्व मौहल्ला नौधा में फायरिंग करने वाले आरोपियों को पकड़ना तो दूर, उनकी पहचान भी नहीं हो पाई है। पुलिस नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम गठित की गई है।** बता दे कि रविवार की देर सायं को नगर के मौ. नौधा में धामपुर की ओर से आई एक कार व बाइक सवारों ने 3 से 4 बार फायरिंग की थी, जिससे नगर में सनसनी फैल गयी। कार सवार धामपुर रोड की ओर तथा बाइक सवार नहटौर बाजार की ओर फ़रार हुए। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार आरोपियों ने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी करने के उपरांत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला जा रहा है। सोमवार को भी पुलिस नगर पालिका एवं दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करती रही लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा एक टीम का भी गठन किया गया है जो संदिग्धता के आधार पर अलग-अलग स्थान पर छापेमारी कर रही है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि लगातार सीसीटीवी कैमरे खगाले जा रहे हैं। एक टीम गठित कर गई है। जल्द ही मामले में उचित कार्रवाई होगी।

# 14 को निकाली जायेगी महाकाली झंडा शोभायात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की साय महाराज शूरसेन सैनी धर्मशाला सेवा समिति (पजी.) की शिव मंदिर सैनी धर्मशाला में आयोजित बैठक में 14 सितंबर, (सोमवार) को दोपहर 2 बजे 99वीं महाकाली झंडा शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 99वीं महाकाली झंडा शोभायात्रा का संरक्षक बब्लू सैनी कारीगर(कैटर्स), अध्यक्ष हरि सिंह सैनी(मैसर्स सैनी लाईट हाउस, धामपुर), महामंत्री ललित कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, उपकोषाध्यक्ष अमित कुमार को चुना गया। बैठक में संजय सैनी (सिकंदर), उपाध्यक्ष जयप्रकाश, महामंत्री परता सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष दिनेश सैनी, उपकोषाध्यक्ष नरेश सैनी, कोर्डिनेटर प्रमोद कुमार सैनी, अभिषेक सैनी, टिंकू, जितेन्द्र, हिमांशु सैनी, आशीष सैनी, मोहन सैनी, सचिन सैनी, दीपक कुमार सैनी (TVS), कांशीराम सैनी, किशोरी सिंह सैनी, दीपक कुमार, मुकेश सैनी, राजेंद्र सैनी, श्रीराम, शंकर सिंह, अर्जुन, नरेंद्र कुमार, चन्द्रशेखर सैनी उपस्थित रहे।



# जैसे ही बच्चों ने मटकी फोड़ी, स्कूल में खुशी की लहर दौड़ी

**शेरकोट ( चिंगारी )। नगर के एस.एम. गुडविल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेष-भूषा धारण कर कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।**

बृहस्पतिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में काफी बच्चे राधा कृष्ण के वेष में सज-धज कर पहुंचे। कार्यक्रम में जन्माष्टमी की विशेष झांकी सजाई गई और बच्चों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन किया। इस मौके पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मटकी फूटने पर विद्यालय परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक अनामिका जैन, प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा, हिमान्शू चौहान आदि समस्त स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक निर्देशक अंकुर जैन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों की जानकारी मिलती है और आपसी भाईचारे की भावना भी बढ़ती है। अंत में छात्र छात्राओं को उपहार भेंट किये गये।



एस.एम. गुलविड एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व।

# डेढ़ साल में भी पूरा नहीं हुआ कालाखेड़ी अंडरपास, क्षेत्रवासी निराश

## ओवरब्रिज और प्लेटफॉर्म विस्तार की उठी मांग

### भाजपा के निवर्तमान क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर नगीना की रेलवे समस्याओं के समाधान की मांग की

**नगीना ( चिंगारी )**। नगीना की रेलवे से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा पश्चिम क्षेत्र के निवर्तमान क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

रेल मंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने कालाखेड़ी स्थित रेलवे फाटक पर बन रहे अंडरपास का निर्माण जल्द पूरा कराने, रेलवे फाटक संख्या 471/बी पर ओवरब्रिज बनवाने तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित नगीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो व तीन की लंबाई बढ़ाने की मांग की है।

भाजपा नेता अनूप वाल्मीकि ने पत्र में कहा कि नगीना-कालाखेड़ी मार्ग स्थित रेलवे अंडरपास का कार्य एक मार्च 2025 को शुरू हुआ था और इसे करीब चार माह में पूरा किया जाना था। इसके बावजूद लंबे समय बाद भी कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। उनके अनुसार



अभी तक करीब 10 प्रतिशत काम भी धरातल पर नहीं हो पाया है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। उन्होंने रेलवे फाटक संख्या 471/बी पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में रेलमंत्री के नगीना आगमन के दौरान इस फाटक पर ओवरब्रिज बनवाने की बात कही गई थी। इस रेलवे लाइन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेनों का आवागमन होने के कारण फाटक बार-बार बंद होता है, जिससे यातायात बाधित रहता है। विद्यार्थियों, व्यापारियों, मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पत्र में नगीना रेलवे स्टेशन का भी मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के विकास और सुंदरीकरण के लिए रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन की लंबाई नहीं बढ़ाए जाने के कारण कई ट्रेनों में यात्रियों को प्लेटफॉर्म से बाहर अथवा पटरी की ओर उतरने की जोखिमपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दोनों प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने का कार्य प्राथमिकता से कराने की मांग की।

# स्वाइन फ्लू को लेकर बढ़ी चिंता, सावधानी और सतर्कता जरूरी

**मौ**सम में बदलाव के साथ स्वाइन फ्लू को लेकर लोगों की चिंता बढ़ने लगी है। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ उत्तर प्रदेश और बिजनौर में भी एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि बीमारी को लेकर घबराने के बजाय जागरूकता और सावधानी के साथ संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाना अधिक जरूरी है।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पैजनिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. फ़ईम अहमद ने बताया कि स्वाइन फ्लू एक वायरल श्वसन संक्रमण है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने अथवा सांस के साथ निकलने वाले संक्रमित कणों के संपर्क में आने से फैल सकता है। ऐसे में संक्रमण से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता और सावधानी का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।



### बुखार-खांसी के साथ शरीर में दर्द हो तो रहें सतर्क

डॉ. फ़ईम अहमद के अनुसार, स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सूखी खांसी, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और अत्यधिक थकान शामिल हैं। कुछ बच्चों में उल्टी या दस्त की शिकायत भी देखने को मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि इनमें से कई लक्षण सामान्य वायरल संक्रमण में भी दिखाई देते हैं। इसलिए केवल लक्षणों के आधार पर स्वयं बीमारी की पुष्टि करने के बजाय चिकित्सकीय परामर्श लेना उचित है। शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें, समय रहते जांच और चिकित्सकीय सलाह लेना बीमारी की गंभीरता को समझने में मददगार हो सकता है।

### बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारी से पीड़ितों को बरतनी चाहिए विशेष सावधानी

छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा अस्थमा, COPD, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को संक्रमण के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

चिकित्साधिकारी ने ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि बुखार, खांसी या सांस संबंधी परेशानी जैसे लक्षण सामने आने पर चिकित्सक से संपर्क करने में देरी नहीं करनी चाहिए।

### सांस लेने में परेशानी हो तो तत्काल लें चिकित्सकीय सहायता

बुखार और खांसी के साथ सांस फूलना, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द या दबाव, अत्यधिक कमजोरी, बेहोशी अथवा शरीर में पानी की कमी जैसे लक्षण गंभीर स्थिति के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में घरेलू स्तर पर उपचार करते रहने के बजाय तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेना जरूरी है। बच्चों में सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक सुस्ती अथवा तरल पदार्थ लेने में कठिनाई भी गंभीर संकेत माने जा सकते हैं। डॉ. फ़ईम अहमद ने लोगों से अपील की कि ऐसे लक्षणों को किसी भी स्थिति में नजरअंदाज न करें।

### साफ-सफाई और सतर्कता से संक्रमण से करें बचाव

**स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए खांसते और छींकते समय मुंह-नाक को ढकना, हाथों को साबुन से नियमित रूप से धोना और बीमारी की स्थिति में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। आवश्यकता के अनुसार मास्क का प्रयोग भी किया जा सकता है। घर और आसपास के स्थानों में हवा का पर्याप्त आवागमन बनाए रखना भी संक्रमण के जोखिम को कम करने में सहायक है। चिकित्सकीय सलाह के मुताबिक़ गुनगुना पानी, पर्याप्त विश्राम और सुपाच्य भोजन सामान्य स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हो सकते हैं। गले में खराश होने पर गुनगुने पानी से गरारे किए जा सकते हैं। स्वस्थ व्यस्क तुलसी-अदरक की हल्की चाय या काढ़े का सेवन भी कर सकते हैं।**



-डॉ. फ़ईम अहमद
प्रभारी चिकित्साधिकारी
राजकीय आयुर्वेदिक
चिकित्सालय पैजनिया, बिजनौर

### बिना चिकित्सकीय सलाह दवा लेना पड़ सकता है भारी

**स्वाइन फ्लू के लक्षण सामने आने पर अपनी मर्जी से कोई भी दवा शुरू नहीं करनी चाहिए। मरीज की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और बीमारी की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सक ही उपचार की उचित दिशा तय करते हैं। डॉ. फ़ईम अहमद ने लोगों से आग्रह किया कि स्वाइन फ्लू को लेकर भयभीत होने के बजाय सावधानी और जागरूकता को प्राथमिकता दें। शुरुआती लक्षणों पर नजर रखें, संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाएं और आवश्यकता पड़ने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लें।**

## H1N1 इन्फ्लुएंजा A: घबराएं नहीं, सावधान रहें और सुरक्षित रहें!

H1N1 (Influenza A) एक संक्रामक वायरल श्वसन संक्रमण है, जो संक्रमित व्यक्ति की खांसी, छींक और निकट संपर्क से फैल सकता है। इसके प्रमुख लक्षण अचानक बुखार, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द और थकान हैं। अधिकांश स्वस्थ लोग उचित आराम और देखभाल से ठीक हो जाते हैं, लेकिन बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा डायबिटीज, अस्थमा, हृदय या फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित लोगों में गंभीर बीमारी का खतरा अधिक हो सकता है। संक्रमण से बचने के लिए हाथ नियमित रूप से धोएं, खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकें, भीड़भाड़ में सावधानी रखें और बीमार होने पर दूसरों से दूरी बनाए रखें। सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, अत्यधिक कमजोरी या लगातार तेज बुखार होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। जागरूक रहें—H1N1 से घबराएं नहीं, समय पर सावधानी और सही उपचार अपनाएं।



-डॉ. वरीस अहमद
बी.यू.एम.एस., मंडावर

# उक्रांद ने दी मसूरी काण्ड के शहीदों को श्रद्धांजलि

## भरत चौक पर दीये जलाये



मसूरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए क्रांति दल के सदस्य।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से राज्य निर्माण आंदोलन के अंतर्गत 2 सितंबर 1994 को हुए मंसूरी कांड की 32 वीं पुण्यतिथि पर पश्चिमी झंडीचौड़ स्थित भरत चौक में आयोजित कार्यक्रम में दीये जला कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है।

आंदोलनकारियों ने जिस उत्तराखंड का सपना देखा था, उसे बेहतर और आत्मनिर्भर बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने तथा पलायन की समस्या पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने की दिशा में काम किया जाना जरूरी है। राज्य आंदोलन में बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों का इतिहास उत्तराखंड की अमिट धरोहर है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। मांग की कि इस अवसर पर समस्त सरकारी कार्यालयों व स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को याद किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में दल के नगर अध्यक्ष भारत मोहन काला, केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र सिंह रावत, केंद्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश भारद्वाज, संगठन सचिव सत्यपाल सिंह नेगी, प्रचार सचिव उमेद सिंह भंडारी, रवींद्र सौंद, देवेंद्र रावत और गणेश रावत सहित दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# इंकाइयों ने हल्द्वानी में मंच शुद्धिकरण के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रायवाला कोतवाली में पूर्व में हुए हल्द्वानी के रामलीला मैदान में शुद्धिकरण मामले में कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश महासचिव जयेन्द्र रमोला के नेतृत्व में मुकदमा दर्ज करने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित जनप्रतिनिधियों व कांग्रेसजनों के हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन कोतवाली के उप निरीक्षक को सौंपा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव जयेंद्र रमोला, ज्येष्ठ प्रमुख धनवीर बेंदवाल ने कहा कि लगातार भाजपा और आरएसएस समर्थित लोग हर जाति वर्ग के लोगों को अपमानित करने का काम कर रहे हैं और शासन-प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। आज इतने दिन बीतने के बाद भी दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, जबकि प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट भी दोषियों के पक्ष में बयान द रहे हैं जो कि साफ दर्शाता है कि दलितों को अपमानित करने वाला ये कृत्य इन्हीं के इशारों पर किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रायवाला के अध्यक्ष गोकुल रमोला व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी ने कहा कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समानता और सम्मान का अधिकार दिया है। इस तरह की घटनाएं समाज में भेदभाव और वैमनस्य को बढ़ावा देती हैं। पुलिस प्रशासन को मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी नेता या समुदाय का सार्वजनिक रूप से अपमान करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। इस मौके पर दीपा चमोली, मंजू क्षेत्री, मनोज गुसाई, कुंवर सिंह गुसाई, गजेंद्र विक्रम शाही, सूरत रांगड, राजेंद्र तिवारी, अंकित खंकरियाल, नवीन, राजीव यादव, यशपाल राणा, विवेक रावत, कमल राणा, क्षेत्र बहादुर मल्ल, त्रिलोक सिंह, राजेश नेगी, संदीप खंतवाल, हरभजन चौहान, रोहित नेगी, क्षेत्र बहादुर मल्ल, फारुख, सोहेल खान आदि मौजूद थे।

# क्षेत्र में समस्याओं की भरमार, दूर करने को कोई नहीं तैयार

## नागरिक मंच ने की समाधान की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच की मासिक बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए शासन-प्रशासन से समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। व्यापार मंडल सभागार में अध्यक्ष सीपी नैथानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं का निस्तारण अभी तक नहीं हो पाया है। कहा कि शहर में सड़कों से लेकर गलियों तक अतिक्रमण पसरा हुआ है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के बाद भी अतिक्रमणकारी हटने को तैयार नहीं है।

वहीं शहर में बेसहारा गौ वंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शासन-प्रशासन को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। मौके पर गोल्डन कार्ड धारकों को बेस अस्पताल में भर्ती होने पर एक कक्ष आवंटित करने, सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा करने, आबादी क्षेत्र में वन्य जीवों के प्रवेश को रोकने, कोटद्वार से रेल सेवाओं को विस्तार देने, राजकीय महाविद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा आरंभ करने व कण्वाश्रम का विकास करने की मांग की गई। बैठक में मंच महासचिव अतुल भट्ट, हर्षवर्द्धन ध्यानी, प्रवेश नवानी, राजेंद्र पंत, केसीराम निराला, सुदीप बौंठियाल, सुबोध देवरानी और मुजीब नैथानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की ओर से अखिल भारतीय 'भारत को जानो' लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के 24 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा संयोजक गोपाल चन्द्र बंसल ने बताया कि परीक्षा सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित की गई। दोनों वर्गो में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं की द्वितीय चरण मे पुन: परीक्षा होगी। द्वितीय चरण में दोनो वर्गो में प्रथम व द्वितीय आने वाली टीम प्रान्तीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी। बताया कि परीक्षा परिणाम कुछ समय बाद घोषित किया जायेगा। परीक्षा को सम्पन्न कराने मे अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, राजदीप माहेश्वरी, गोपाल कुकरेती, मीनाक्षी शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राजेन्द्र जखमोला, सेवकराम मानूजा आदि सदस्यों ने भी सहयोग दिया।

# चलाकर अभियान, 13 वाहनों के किये चालान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक व सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अमित कुमार के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन का डाला खुला रखकर सामान ले जा रहे वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही की गई। जिसमें 13 वाहनों के चालान करते हुए एक लाख नौ हज़ार पांच सौ रुपए का राजस्व प्राप्त किया गया। वहीं नियमों का उल्लंघन करने पर तीन वाहनों को सीज भी किया गया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्यामपुर में हुई सांस्कृतिक संध्या



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** योगनगरी ऋषिकेश के श्यामपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या, भक्ति, संगीत और उत्तराखंड की समृद्ध लोक-संस्कृति के रंगों से सराबोर रही। श्यामपुर स्थित राणा फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का आयोजन ऋषिकेश के पूर्व विधायक एवं उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने शिरकत की। दोनों नेताओं ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी संस्कृति एवं परंपराओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष, कर्म और धर्म का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, कर्म और धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। प्रसिद्ध लोक गायक धूम सिंह रावत ने पहाड़ी अंदाज में कृष्ण भजनों की प्रस्तुति देकर तथा लोक गायिका अनिशा रांगड़ ने भक्ति एवं लोकगीतों की प्रस्तुति से व अमन खरोला, विकास चौहान एवं विनोद सती ने आधुनिक अंदाज में भजनों की प्रस्तुति देकर युवाओं में भी भक्ति का जोश भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को श्रद्धाभाव से माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी अंबिका सजवाण, साध्वी मां देवेश्वरी, डोईवाला के ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी सहित श्रीमती बीना चौहान, भगवती प्रसाद सेमवाल, दिनेश चंद्र मास्टर, डॉ. के. एस. राणा, जय सिंह रावत, सतीश रावत, सोहन लाल रतौड़ी, मनोज गुंसाई, प्यारे लाल जुगलान, बृजलाल राणा, अरविंद सजवाण, गुरविंदर गुर्री, विजयपाल रावत, शिभम चमोली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के प्रदेश सचिव एडवोकेट राकेश सिंह मियां ने किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बाइक सवार पर गुलदार के हमले के बाद लगाया गया पिंजरा

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम सबलगढ़ व रामदासवाली के बीच खेत पर जाते समय दो दिन पूर्व किसान पर गुलदार के हमला करने के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। गुलदार के किसान पर हमला करने से वह बाल-बाल बचा था। उसके बाद से आसपास गांव में गुलदार का भय बना हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचना देकर पिंजरा लगाने की मांग की गई थी, जिसके बाद राजगढ़ वन रेंजर देव ऋषि सक्सेना के निर्देशन में वन दरोगा योगेश कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर ग्रामीणों को गुलदार से बचाव के प्रति जागरूक किया।




# सब रजिस्ट्री कार्यालय आबादी के बीच से हटाने को एडीएम को ज्ञापन दिया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजनौर पहुंचकर एडीएम से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र सौंपा। पत्र में वर्तमान में नजीबाबाद थाना के पास स्थित सब रजिस्ट्री कार्यालय घनी आबादी के बीच से हटाकर तहसील परिसर में स्थानांतरित कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि सब रजिस्ट्री कार्यालय शहर के बीच होने से वहां आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 63 वर्ष पहले तहसील जब कोटद्वार रोड पर नए तहसील कैम्पस में शिफ्ट हुई थी, तब से तहसील के साथ तहसील कम्पाउंड में किसी वजह से सब रजिस्ट्री कार्यालय तहसील में शिफ्ट नहीं हो पाया था। जबकि सब रजिस्ट्रार कार्यालय अधिकांश शहरों में तहसील कैम्पस या कलक्ट्रेट कैम्पस में स्थित होता है। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट, अरविंद राजपूत, जावेद कमर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक करेंगे काली पट्टी बांधकर विरोध

**नगीना ( चिंगारी )।** शिक्षकों के टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में पांच सितम्बर शिक्षक दिवस को शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करेंगे। अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता को समाप्त करने के प्रथम चरण के संघर्ष में निर्णय लिया था कि टीईटी की अनिवार्यता को भारत सरकार अध्यादेश लाकर समाप्त करने की मांग को पूर्ण करने हेतु आगामी पांच सितम्बर 2026 को भारत सरकार को संदेश देने हेतु काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करेंगे। इस संदर्भ में ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर दिल्ली के जंतर-मंतर व रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन किया जा चुका है तथा संघर्ष के इस चरण में शिक्षक दिवस पर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग के लिए समस्त शिक्षक काली पट्टी बांधकर भारत सरकार को संदेश देंगे। ब्लॉक अध्यक्ष ने विकास क्षेत्र के समस्त शिक्षकों से अखिल भारतीय शिक्षक संघ के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आह्वान किया।

आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।
कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।
हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ENGLISH)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377







